# रावे के विद्यार्थियों को दिया व्यवसायिक एवं कृषि विषयक प्रशिक्षण



बकेवर, इटावा। जनता कॉलेज के बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर रावे के विद्यार्थियों को कॉलेज के संगोष्ठी कक्ष एवं क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के ऑडिटोरियम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने कृषि विषयक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया। जिसमें किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को रबी सीजन की अधिक उत्पादन करने वाली तकनीकी को विस्तृत में बताते हुए कहा कि जो आपको कॉलेज में वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है उसे आप कृषकों तक पहुंचाएं जिससे क्षेत्रीय किसान लाभान्वित हो सके।

संस्थान के आचार्य डॉ.सुरेशचन्द्र राजपूत ने रावे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में व्यावसायिक जानकारी दी और कहा कि सरकारी नौकरियां पर आधारित न रहकर स्वरोजगार की तरफ जाना होगा और अपने रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना होगा क्योंकि बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए सरकारी नौकरियां पर्याप्त नहीं है। बम्शा एग्रो इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भारद्वाज ने फसलों में जैविक उत्पादों के प्रयोग एवं जैव उर्वरकों के विपणन संबंधी जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण कार्य आवंटित किया। क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने एन आर एल एम योजना एवं पोषण वाटिका/न्यूट्री गार्डन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि न्यूट्री गार्डन प्रत्येक परिवार को अपने घर के सामने खाली पड़े स्थान पर या अपने खेत पर करनी चाहिए जिसमें बिना किसी रसायन के जैव रसायनों एवं खाद, जैव कीटनाशक एवं जैव फफूंदी नाशक का प्रयोग कर सब्जी व अपने उपयोगी फसलों को उगाना चाहिए जिससे वह परिवार स्वस्थ रह सके।

शरद कुमार कुशवाहा प्रशिक्षक आर आई आर डी ने ग्राम पंचायत की विभिन्न योजनाओं एवं ग्राम विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रत्येक नागरिक को छत देने की योजना है जिसमें वह सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सके, स्वच्छता अभियान विभिन्न बीमारियों से बचाने का अभियान है। मनरेगा योजना जिसमें 100 दिन का अधिकतम कार्य मांग के आधार पर मिलता है जिसमें प्रतिदिन 230 कार्य करने पर डीबीटी के तहत उसके खाते में जाते हैं। ग्राम पंचायत विभाग में विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन योजना चल रही है वृद्धा पेंशन योजना 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को प्रति माह रुपया 1000 मिलने का प्रावधान है, विधवा पेंशन में भी रुपया 1000 प्रति माह का प्रावधान है, दिव्यांग पेंशन 40: से अधिक स्थाई दिव्यांग व्यक्ति को आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर मिलती है। एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पेंशन रुकने पर या ना मिलने पर आइजीआरएस पर शिकायत करें तो समस्या का समाधान हो जाएगा।

# रावे के विद्यार्थियों को दिया गया व्यवसायिक व कृषि विषयक प्रशिक्षण

**चेतना ब्यूरो कार्यालय**



बकेवर। जनता कॉलेज के बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर रावे के विद्यार्थियों को कॉलेज के संगोष्ठी कक्ष एवं क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के ऑडिटोरियम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने कृषि विषयक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया। जिसमें किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को रबी सीजन की अधिक उत्पादन करने वाली तकनीकी को विस्तृत में बताते हुए कहा कि जो आपको कॉलेज में वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है उसे आप कृषकों तक पहुंचाएं जिससे क्षेत्रीय किसान लाभान्वित हो सके। संस्थान के आचार्य डॉ.सुरेशचन्द्र राजपूत ने रावे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में व्यावसायिक जानकारी दी और कहा कि सरकारी नौकरियां पर आधारित न रहकर स्वरोजगार की तरफ जाना होगा और अपने रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना होगा क्योंकि बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए सरकारी नौकरियां पर्याप्त नहीं है। बम्शा एग्रो इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भारद्वाज ने फसलों में जैविक उत्पादों के प्रयोग एवं जैव उर्वरकों के विपणन संबंधी जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण कार्य आवंटित किया। क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने एन आर एल एम योजना एवं पोषण वाटिका/ न्यूट्री गार्डन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि न्यूट्री गार्डन प्रत्येक परिवार को अपने घर के सामने खाली पड़े स्थान पर या अपने खेत पर करनी चाहिए जिसमें बिना किसी रसायन के जैव रसायनों एवं खाद, जैव कीटनाशक एवं जैव फफूंदी नाशक का प्रयोग कर सब्जी व अपने उपयोगी फसलों को उगाना चाहिए जिससे वह परिवार स्वस्थ रह सके। शरद कुमार कुशवाहा प्रशिक्षक आर आई आर डी ने ग्राम पंचायत की विभिन्न योजनाओं एवं ग्राम विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रत्येक नागरिक को छत देने की योजना है जिसमें वह सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सके, स्वच्छता अभियान विभिन्न बीमारियों से बचाने का अभियान है। मनरेगा योजना जिसमें 100 दिन का अधिकतम कार्य मांग के आधार पर मिलता है जिसमें प्रतिदिन 230 कार्य करने पर डीबीटी के तहत उसके खाते में जाते हैं। ग्राम पंचायत विभाग में विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन योजना चल रही है वृद्धा पेंशन योजना 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को प्रति माह रुपया 1000 मिलने का प्रावधान है, विधवा पेंशन में भी रुपया 1000 प्रति माह का प्रावधान है, दिव्यांग पेंशन 40% से अधिक स्थाई दिव्यांग व्यक्ति को आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर मिलती है। एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पेंशन रुकने पर या ना मिलने पर आइजीआरएस पर शिकायत करें तो समस्या का समाधान हो जाएगा। प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी डॉ.मनोज कुमार ने किसान सम्माननिधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम विकास विभाग के सेटअप एवं ग्राम विकास विभाग में रोजगार के अवसरों को विस्तृत में बताया। डॉ मनोज कुमार यादव ने ग्राम विकास विभाग में प्रमुख सचिव से लेकर डेमोंस्ट्रेटर तक के पदों एवं कार्यों को बताया। अंत में रावे संयोजक डॉ.पी के राजपूत ने आचार्य डॉ एस के राजपूत एवं प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव एवं सभी प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने रावे विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर लाभान्वित किया।


समूह से समृद्धि की ओर...
दीनदयाल अन्त्योदय योजना-एन.आर.एल.एम.
उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ग्राम्य विकास विभाग उ0 प्र0)
के अन्तर्गत
ग्राम संगठन (VO,SAC) सामाजिक जागरुकता समिति का
एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण
प्रशिक्षण दिनांक : ..... 07.11.2023 ....... विकास खण्ड :...... जसवन्तनगर ................ जनपद-इटावा
आयोजक : क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बकेवर-इटावा
प्रायोजक : दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ



